पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर में गोरखपुर मण्डल एवं बस्ती मण्डल के सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्रों की आगामी विकास परियोजनाओं/प्रस्तावों की जानकारी प्राप्त की

## क्षेत्रीय जनाकांक्षाओं के अनुरूप नई सड़क परियोजनाओं के प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं, इन प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही होगी : मुख्यमंत्री

## सड़क निर्माण परियोजनाओं को तय समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश

## सड़कों के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों की प्राथमिकता का निर्धारण जनप्रतिनिधियों की सहमति से हो

## बड़ी आबादी/क्षेत्र को लाभान्वित करने वाली सड़कों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाए

## नगरीय क्षेत्र की सड़कों को सी0एम0 ग्रिड योजना में शामिल कर विकसित किया जाए

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करें

## मन्दिरों, धार्मिक स्थलों को प्रमुख मार्गों से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग तत्परता से कार्य करे, इसके लिए कोई जनप्रतिनिधि प्रस्ताव दें, तो उसका एस्टीमेट शीघ्रता से बनाकर कार्य शुरू कराया जाए

## विकास एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया, जनप्रतिनिधि अपने–अपने क्षेत्र में होने वाले विकास के ब्राण्ड एम्बेसडर

## जनप्रतिनिधि जनता से विकास कार्यों के सम्बन्ध में संवाद करें, उनकी आकांक्षाओं को जानें तथा उसके अनुरूप प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं

**लखनऊ : 24 जुलाई, 2025**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में गोरखपुर मण्डल एवं बस्ती मण्डल के सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्रों की आगामी विकास परियोजनाओं/प्रस्तावों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु और क्षेत्रीय जनाकांक्षाओं के अनुरूप नई सड़क परियोजनाओं का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। इन प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही होगी। उन्होंने सड़क निर्माण परियोजनाओं को तय समय–सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता में कोई भी समझौता न किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़कों को लेकर जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों की प्राथमिकता का निर्धारण जनप्रतिनिधियों की सहमति से हो। जनप्रतिनिधि जिन सड़कों को प्राथमिकता दें, सबसे पहले उनका एस्टीमेट बनाएं और शिलान्यास कराकर निर्माण कार्य शुरू किया जाए। इसके बाद अन्य सड़कों को भी चरणवार बनाया जाए। उन सड़कों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाए, जो बड़ी आबादी/क्षेत्र को लाभान्वित करने वाली हों। जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र की सड़कों के निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करें, ताकि गुणवत्तापूर्ण कार्य तेजी से हो। नगरीय क्षेत्र की सड़कों को सी0एम0 ग्रिड योजना में शामिल कर विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने इसके लिए आवश्यकतानुसार आपदा राहत निधि का भी इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिन मन्दिरों, धार्मिक स्थलों का पर्यटन विकास हुआ है अथवा किया जा रहा है, उन्हें प्रमुख मार्गों से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग तत्परता से कार्य करे। इसके लिए कोई जनप्रतिनिधि प्रस्ताव दें, तो उसका एस्टीमेट शीघ्रता से बनाकर कार्य शुरू कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर और बस्ती मण्डल विकास की नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहे हैं। विकास एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है और जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले विकास के ब्राण्ड एम्बेसडर हैं। जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे जनता के बीच रहकर विकास कार्यों की चर्चा करें, विकास को लेकर जनता की आकांक्षाओं को जानें तथा उसके अनुरूप प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करें। यह योजनाएं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की छवि निर्माण में सहायक हैं। जनप्रतिनिधि अधिकारियों के साथ मिलकर समस्याओं का निराकरण कराएं।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने गोरखपुर तथा बस्ती मण्डलों के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगामी सड़क निर्माण परियोजनाओं एवं प्रस्तावों के डिजिटल प्रेजेण्टेशन का अवलोकन किया। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने आगामी प्रस्तावों से उन्हें अवगत कराया।

बैठक में कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, ग्राम्य विकास राज्यमंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, सांसद श्री रवि किशन शुक्ल, महापौर डॉ0 मंगलेश श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

------